**रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.**

**(हिंदी कक्ष)**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक    दिनांक : 26.10.2016

विषय : 09/2016 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 09/2016 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 30.09.2016 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. बाल जवाहर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप-नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री एन. पट्टाभिरामा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्रीमती जी. धनलक्ष्मी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जी. जयसूर्यन नायर | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री आर. चंद्रशेखर राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री टी. विजयन् | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री जी. रमेश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री एम. सतीश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती सुवर्ण जयोति कुमुद | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री मोहम्मद खाजा मोहियुद्दीन | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित

श्रीमती ओनिमा के. दास,
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक

**"बैठक का कार्यवृत्त "**

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 28.06.2016 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 28.06.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 28.06.2016 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. हिंदी कार्यशाला का आयोजन - वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद में दिनांक 01.08.2016 से 05.08.2016 तक की अवधि के दौरान पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में 19 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. हिंदी प्रशिक्षण - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्राज्ञ की कक्षाएं चल रही हैं जिसकी अंतिम परीक्षा 17.05.2016 को आयोजित की गई। परीक्षा के परिणाम प्राप्त हो गए हैं । 17 कर्मचारियों में से 13 ने परीक्षा उत्तीर्ण की है । 04 फेल हो गए हैं।

   अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि जिन कर्मचारियों ने परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है उनके लिए आगे की कार्रवाई क्या है । सदस्य सचिव ने बताया कि उनसे परीक्षा के फार्म भरवाकर फिर से परीक्षा में बैठने का निदेश दिया जाएगा हालांकि इस बार उन्हें कक्षा में नहीं भेजा जाएगा ।

3. ट्यूलिप परियोजना में हिंदी को शामिल किया जाना - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि आई.टी.एस.डी.सी. द्वारा हिंदी अनुवाद को सुषा फाँट में बनाकर देने की माँग की गई और सभी अनुभागों में चेक स्लिप और पंचिंग माध्यम द्विभाषी रूप में उपलब्ध है । इसके अलावा आई.टी.एस.डी.सी. ने वेतन पर्ची (Pay slip) के सभी फील्डों (कुल 135 मद) का हिंदी अनुवाद सुषा फाँट में बनाकर आई.टी.एस.डी.सी. को दे दिया गया है लेकिन अभी भी वेतन पर्ची केवल अंग्रेज़ी में ही उपलब्ध है । इसके अलावा रिजेक्शन मेमो का हिंदी अनुवाद भी आई.टी.एस.डी.सी. को दे दिया गया है लेकिन उस पर भी अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।

4. हिंदी दिवस का आयोजन : इस संगठन में दिनांक 01 सितंबर, 2016 से 14 सितंबर, 2016 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया जिसके दौरान छ: प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके बारे में समाचार पत्रों में प्रेस नोट आया था और हमारे वेबसाइट में भी इस पर एक रिपोर्ट अपलोड किया गया ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 03/2016 तथा 06/2016 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 03/2016 तथा 06/2016 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2016 | 424 | 424 | शून्य |
| 06/2016 | 534 | 534 | शून्य |

2. <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2016 | 11653 | 6293 | 64.93% |
| 06/2016 | 11496 | 6167 | 65.08% |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में बहुत ही कम बढ़त है । उन्होंने पूछा कि इसे बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है । सदस्य सचिव ने कहा कि सभी बिल अनुभागों में अब चेक स्लिप और पंचिंग माध्यम ट्यूलिप के द्वारा द्विभाषी रूप में आ रहे है परंतु अनुभाग अपनी हिंदी की रिपोर्ट में इन आंकड़ों को शामिल नहीं करते । अध्यक्ष महोदय ने सभी लेखा अधिकारियों /वरिष्ठ लेखा अधिकारियों से कहा कि अपनी रिपोर्ट में इन आंकड़ों को अवश्य शामिल करें . साथ ही उन्होंने सभी लेखा अधिकारियों /वरिष्ठ लेखा अधिकारियों और ग्रूप अधिकारियों को निदेश दिया कि वे अपने-अपने अनुभाग में ऐसे कार्य की खोज करें जिन्हें द्विभाषी बनाया जा सकता है ताकि अन्य दस्तावेज़ों को भी द्विभाषी बनाकर प्रयोग में लाया जा सके ।

**<u>मद सं. 3</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u> -** समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से कुल 09 पत्र प्राप्त हुए हैं जिन सब पर कार्रवाई की जा चुकी है । इसमें से एक पत्र के अधीन र.ले.नि. (अनु. एवं विकास) हैदराबाद में सेवारत कनिष्ठ अनुवादक द्वारा रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की ओर से इस कार्यालय का निरीक्षण करने का निदेश मिला था । उसी के अनुसार इस कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया गया और उसकी रिपोर्ट भी प्राप्त हो गई है। अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि निरीक्षण रिपोर्ट में किन मदों पर आपत्ति की गई। सदस्य सचिव ने बताया कि सभी रजिस्टरों में हिंदी में प्रविष्टियाँ करने के निदेश दिए गए हैं । साथ ही कुछ अनुभागों में फाइलों पर विषय द्विभाषी रूप में नहीं पाए गए । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि रजिस्टरों के मुद्रण के समय ही पृष्ठ-शीर्षों को द्विभाषी बनाया जाए । साथ ही सभी अनुभाग अपने फाइलों/रजिस्टरों पर विषय द्विभाषी लिखने हेतु हिंदी कक्ष का सहयोग लें । ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u> -** समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2016-17 के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को इस संगठन द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि अपनी ओर से हिंदी कक्ष एक कार्रवाई योजना (Action Plan) बनाएं जिसमें हिंदी पत्राचार की प्रतिशत का लक्ष्य निम्नानुसार हो :

"ग" क्षेत्र से "क" क्षेत्र - 70%
"ग" क्षेत्र से "ख" क्षेत्र - 65%
"ग" क्षेत्र से "ग" क्षेत्र - 75%

**<u>मद सं. 5</u> - <u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 03 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 7</u> - <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव</u>** :

<u>सुझाव सं. 1</u> - अध्यक्ष महोदय ने चेक अनुभाग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी से कहा कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक में चेक पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारियों के अनुमोदन के लिए और चेक बुकों के लिए जो कार्यालय टिप्पणी प्रस्तुत करते हैं उन्हें द्विभाषी बनवाएं ।

<u>सुझाव सं. 2</u> - अध्यक्ष महोदय ने वेतन अनुभाग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी से कहा कि भुगतान प्राधिकार (Payment Authority), पासिंग एनफेसमेंट और ट्यूलिप के माध्यम से जेनरेट होने वाली रिपोर्टों को द्विभाषी बनवाया जाए ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-
**(जी. जयसूर्यन नायर)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. हिंदी अधिकारी, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर, हैदराबाद।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वियन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

हस्ता/-
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**